आन्ध्र प्रदेश और मद्रास (सीमा-परिवर्तन) अधिनियम, 1959

(1959 का अधिनियम संख्यांक 56)

[24 दिसम्बर, 1959]

आन्ध्र प्रदेश और मद्रास राज्यों की सीमाओं में परिवर्तन तथा उससे सम्बद्ध मामलों के लिए उपबन्ध करने हेतु अधिनियम

भारत गणराज्य के दसवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

भाग 1

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम आन्ध्र प्रदेश और मद्रास (सीमा-परिवर्तन) अधिनियम, 1959 है ।

(2) यह उस तारीख[1] को प्रवृत्त होगा, जिसे केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे ।

2. परिभाषाएं—इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "नियत दिन" से धारा 1 की उपधारा (2) के अधीन इस अधिनियम के प्रवृत्त होने के लिए नियत तारीख अभिप्रेत है ;

(ख) "सभा निर्वाचन-क्षेत्र", "परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र" और "संसद् निर्वाचन-क्षेत्र" के वही अर्थ हैं, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) में हैं ;

(ग) "विधि" के अन्तर्गत सम्पूर्ण आन्ध्र प्रदेश या मद्रास या उसके किसी भाग में विधि का बल रखने वाली कोई अधिनियमिति, अध्यादेश, विनियम, आदेश, उपविधि, नियम, स्कीम, अधिसूचना या अन्य लिखत भी हैं ;

(घ) "अधिसूचित आदेश" से राजपत्र में प्रकाशित आदेश अभिप्रेत है ;

(ङ) "आसीन सदस्य" से संसद् के या राज्य के विधान-मंडल के दोनों सदनों में से किसी के संबंध में वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जो नियत दिन के ठीक पूर्व उस सदन का सदस्य है ;

(च) "अन्तरित राज्यक्षेत्र" से अभिप्रेत है—

(i) आन्ध्र प्रदेश राज्य के सम्बन्ध में, द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट और उस राज्य से मद्रास को अन्तरित राज्यक्षेत्र, और

(ii) मद्रास राज्य के सम्बन्ध में, प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट और उस राज्य से आन्ध्र प्रदेश को अन्तरित राज्यक्षेत्र ;

(छ) "खजाना" के अन्तर्गत उप-खजाना भी है ;

(ज) राज्य के जिले, तालुक, फिरका, गांव या अन्य प्रादेशिक खंड के प्रति किसी निर्देश का यह अर्थ लगाया जाएगा कि वह 1957 की जुलाई के प्रथम दिन उस प्रादेशिक खंड में समाविष्ट क्षेत्र के प्रति निर्देश है ।

भाग 2

राज्यक्षेत्रों का अन्तरण

3. राज्यक्षेत्रों का अन्तरण—नियत दिन से—

(क) प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र आन्ध्र प्रदेश राज्य में जोड़े जाएंगे और तब मद्रास राज्य का भाग नहीं रहेंगे ; और

(ख) द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र मद्रास राज्य में जोड़े जाएंगे और तब आन्ध्र प्रदेश राज्य का भाग नहीं रहेंगे ।

---

[1] 1 अप्रैल, 1960, देखिए अधिसूचना सं० का०आ० 2863, तारीख 29 दिसंबर, 1959, भारत का राजपत्र, असाधारण, 1959, भाग 2, अनुभाग 3(ii), पृ० 611.

4. आन्ध्र प्रदेश में प्रादेशिक खण्डों में परिवर्तन—(1) प्रथम अनुसूची के भाग 1 में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र, चित्तूर जिले में सम्मिलित किए जाएंगे और उसका भाग बनेंगे ; और तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट पुत्तूर तालुक के गांवों में समाविष्ट राज्यक्षेत्रों सहित उक्त राज्यक्षेत्र और वे राज्यक्षेत्र, जो नियत दिन के ठीक पूर्व तिरुत्तनी तालुक के कनकम्माछत्रम् तथा तिरुत्तनी फिरकों में समाविष्ट थे किन्तु धारा 3 के आधार पर मद्रास राज्य को अन्तरित नहीं हुए हैं, चित्तूर जिले में सत्यवेदु तालुक नाम से कहलाए जाने वाला तालुक बनेंगे ।

(2) वे राज्यक्षेत्र, जो नियत दिन के ठीक पूर्व तिरुत्तनी तालुक के पल्लीपट्ट और इरूम्बी फिरकों में समाविष्ट थे किन्तु धारा 3 के आधार पर मद्रास राज्य को अन्तरित नहीं हुए हैं, पुत्तुर तालुक में सम्मिलित किए जाएंगे और उसका भाग बनेंगे ।

(3) वे राज्यक्षेत्र, जो नियत दिन के ठीक पूर्व चित्तूर तालुक के मेलपडी फिरके में समाविष्ट थे किन्तु धारा 3 के आधार पर मद्रास राज्य को अन्तरित नहीं हुए हैं, चित्तुर तालुक के चित्तूर फिरका में सम्मिलित किए जाएंगे और उसका भाग बनेंगे ।

(4) प्रथम अनुसूची के भाग 2 में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र चित्तूर जिले में पलमानेर तालुक के कुप्पम पश्चिम फिरके में सम्मिलित किए जाएंगे और उसका भाग बनेंगे ।

5. मद्रास में प्रादेशिक खंडों में परिवर्तन—(1) वे राज्यक्षेत्र, जो नियत दिन के ठीक पूर्व पोन्नेरी तालुक के सत्यवेदु फिरके में और तिरुवल्लूर तालुक के उत्तुकोट्टाई फिरके में समाविष्ट थे किन्तु धारा 3 के आधार पर आन्ध्र प्रदेश राज्य को अन्तरित नहीं हुए हैं, पोन्नेरी तालुक के गुम्मिडीपुंडी फिरके में सम्मिलित किए जाएंगे और उसका भाग बनेंगे ।

(2) द्वितीय अनुसूची के भाग 1 और 2 में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र, चिंगलपुट जिले के तिरुत्तनी तालुक के नाम से कहलाए जाने वाले तालुक में सम्मिलित किए जाएंगे और एक पृथक् तालुक बनेंगे और उस तालुक में उस अनुसूची के भाग 2 में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र, कनकम्माछत्रम् फिरके के नाम से कहलाया जाने वाला एक पृथक् फिरका बनेंगे ।

(3) द्वितीय अनुसूची के भाग 3, 4, 5, 6, 7 और 8 में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र क्रमश:—

(क) चिंगलपुट जिले के तिरुवल्लूर तालुक के माप्पेडु फिरके में,

(ख) उत्तर आरकाट जिले के आरकोणम् तालुक के परंगी फिरके में,

(ग) उत्तर आरकाट जिले के आरकोणम् तालुक के आरकोणम् फिरके में,

(घ) उत्तर आरकाट जिले के वालाजापेट तालुक के रानीपेट फिरके में,

(ङ) उत्तर आरकाट जिले के गुडियात्तम् तालुक के गुडियात्तम् पूर्व फिरके में, और

(च) उत्तर आरकाट जिले के तिरुपत्तुर तालुक के वानियंबडी फिरके में,

सम्मिलित किए जाएंगे और उसका भाग बनेंगे ।

6. संविधान की प्रथम अनुसूची का संशोधन—नियत दिन से, संविधान की प्रथम अनुसूची में, "1. राज्य" शीर्षक के नीचे,—

(क) "1. आन्ध्र प्रदेश" के सामने की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"वे राज्यक्षेत्र, जो आन्ध्र राज्य अधिनियम, 1953 की धारा 3 की उपधारा (1) में, राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 3 की उपधारा (1) में, और आन्ध्र प्रदेश और मद्रास (सीमा-परिवर्तन) अधिनियम, 1959 की प्रथम अनुसूची में उल्लिखित हैं, किन्तु वे राज्यक्षेत्र, जो आन्ध्र प्रदेश और मद्रास (सीमा-परिवर्तन) अधिनियम, 1959 की द्वितीय अनुसूची में उल्लिखित हैं, इससे अपवर्जित हैं, और" ;

(ख) "7. मद्रास" के सामने की प्रविष्टि में,—

(i) "राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 4" शब्दों और अंकों के पश्चात् "और आन्ध्र प्रदेश और मद्रास (सीमा-परिवर्तन) अधिनियम, 1959 की द्वितीय अनुसूची" शब्द, कोष्ठक और अंक अन्त:स्थापित किए जाएंगे ; और

(ii) "और वे राज्यक्षेत्र, जो राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 5 की उपधारा (1) के खंड (ख), धारा 6 और धारा 7 की उपधारा (1) के खंड (घ) में उल्लिखित हैं," कोष्ठकों, अक्षरों और अंकों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"या राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 5 की उपधारा (1) के खंड (ख), धारा 6 या धारा 7 की उपधारा (1) के खंड (घ) में या आन्ध्र प्रदेश और मद्रास (सीमा-परिवर्तन) अधिनियम, 1959 की प्रथम अनुसूची में उल्लिखित हैं," ।

7. राज्य सरकारों को शक्तियों की व्यावृत्ति—इस भाग के पूर्वगामी उपबन्धों की कोई भी बात, आन्ध्र प्रदेश या मद्रास राज्य सरकार की, राज्य में किसी जिले, तालुक, फिरका या गांव के नाम, विस्तार या सीमाओं में, नियत दिन के पश्चात्, परिवर्तन करने की शक्ति पर प्रभाव डालने वाली नहीं समझी जाएगी ।

भाग 3

विधान-मंडलों में प्रतिनिधित्व

राज्य सभा

8. संविधान की चतुर्थ अनुसूची का संशोधन—नियत दिन से, संविधान की चतुर्थ अनुसूची में, सारणी के द्वितीय स्तम्भ में,—

(क) मद्रास के सामने "17" अंकों के स्थान पर "18" अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे ; और

(ख) "220" अंकों के स्थान पर "221" अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

9. अतिरिक्त स्थान भरने के लिए उप-निर्वाचन—(1) नियत दिन के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, धारा 8 के आधार पर राज्य सभा में मद्रास राज्य को आबंटित अतिरिक्त स्थान को भरने के लिए उप-निर्वाचन किया जाएगा ।

(2) इस धारा के अनुसरण में राज्य सभा के लिए निर्वाचित सदस्य की पदावधि 2 अप्रैल, 1962 को समाप्त होगी ।

लोक सभा

10. परिसीमन आदेश की प्रथम अनुसूची का संशोधन—संसदीय और सभा निर्वाचन-क्षेत्र परिसीमन आदेश, 1956 की प्रथम अनुसूची, इस अधिनियम की चतुर्थ अनुसूची में विनिर्दिष्ट उपान्तरों के अधीन रहते हुए प्रभावी होगी ।

11. आसीन सदस्यों के बारे में उपबन्ध—ऐसे निर्वाचन-क्षेत्र का, जिसका विस्तार धारा 10 के आधार पर परिवर्तित किया गया है, प्रतिनिधित्व करने वाले लोक सभा के प्रत्येक आसीन सदस्य के बारे में यह समझा जाएगा कि वह इस प्रकार यथा परिवर्तित निर्वाचन-क्षेत्र से उक्त सदन के लिए निर्वाचित किया गया है ।

विधान सभाएं

12. विधान सभाओं की सदस्य संख्या—आन्ध्र प्रदेश की विधान सभा में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने गए व्यक्तियों द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की कुल संख्या 301 से घटाकार 300 की जाएगी और मद्रास की विधान सभा में कुल स्थानों की संख्या 205 से बढ़ाकर 206 की जाएगी ; और तद्नुसार लोक प्रतिनिधत्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की द्वितीय अनुसूची में, "आन्ध्र प्रदेश" के सामने "301" अंकों के स्थान पर "300" अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे और "मद्रास" के सामने "205" अंकों के स्थान पर "206" अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

13. परिसीमन आदेश की द्वितीय अनुसूची का संशोधन—संसदीय और सभा निर्वाचन-क्षेत्र परिसीमन आदेश, 1956 की द्वितीय अनुसूची, इस अधिनियम की पंचम अनुसूची में विनिर्दिष्ट उपान्तरों के अधीन रहते हुए प्रभावी होगी ।

14. परिसीमन आयोग के अंतिम आदेश सं० 19 का संशोधन—परिसीमन आयोग का अन्तिम आदेश सं० 19, तारीख 4 अक्तूबर, 1954, षष्ठ अनुसूची में विनिर्दिष्ट उपान्तरों के अधीन रहते हुए प्रभावी होगा ।

15. कुछ आसीन सदस्यों के बारे में उपबन्ध—(1) आन्ध्र प्रदेश की विधान सभा के बडमलपट, वेपनजरि, चित्तर और कुप्पम निर्वाचन-क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले आसीन सदस्यों के बारे में, इस अधिनियम के उपबन्धों द्वारा उनके विस्तार में परिवर्तन होते हुए भी, यह समझा जाएगा कि वे इस प्रकार यथापरिवर्तित उक्त निर्वाचन-क्षेत्रों से उक्त सभा को क्रमश: निर्वाचित किए गए हैं ।

(2) मद्रास की विधान सभा के गुम्मिडीपुण्डी, तिरुवल्लूर, आरकोणम्, शोलिंधूर, रानीपेट, गूडियात्तम्, वानियंबडी और उद्नपल्लि निर्वाचन-क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले आसीन सदस्यों के बारे में, इस अधिनियम के उपबन्धों द्वारा उनके विस्तार में परिवर्तन होते हुए भी, यह समझा जाएगा कि वे इस प्रकार यथापरिवर्तित उक्त निर्वाचन-क्षेत्रों से उक्त सभा को क्रमश: निर्वाचित किए गए हैं ।

(3) आन्ध्र प्रदेश की विधान सभा के तिरुत्तनी निर्वाचन-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आसीन सदस्यों के बारे में, नियत दिन से, यह समझा जाएगा कि वे आन्ध्र प्रदेश राज्य में सत्यवेदु निर्वाचन-क्षेत्र से उस सभा को निर्वाचित किए गए हैं ।

(4) आन्ध्र प्रदेश की विधान सभा के रामकृष्णराजुपेट निर्वाचन-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला आसीन सदस्य, नियत दिन से, उस सभा का सदस्य नहीं रहेगा और उसके बारे में यह समझा जाएगा कि वह मद्रास राज्य में तिरुत्तनी निर्वाचन-क्षेत्र से मद्रास की विधान सभा को निर्वाचित किया गया है ।

विधान परिषदें

16. परिषद् निर्वाचन-क्षेत्रों का विस्तार—(1) परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र परिसीमन (आन्ध्र प्रदेश) आदेश, 1957 में आन्ध्र प्रदेश राज्य या चित्तूर जिले के प्रति किसी निर्देश का यह अर्थ लगाया जाएगा कि इससे मद्रास राज्य को, यथास्थिति, उस राज्य या जिले से अन्तरित राज्यक्षेत्र अपवर्जित है और यह कि इसमें मद्रास राज्य से, यथास्थिति, उस राज्य या जिले को अन्तरित राज्यक्षेत्र सम्मिलित है ।

(2) परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र परिसीमन (आन्ध्र प्रदेश) आदेश, 1951 में मद्रास राज्य या चिंगलपुट, उत्तर आरकाट या सेलम् जिले के प्रति किसी निर्देश का यह अर्थ लगाया जाएगा कि इससे आन्ध्र प्रदेश राज्य को, यथास्थिति, उस राज्य या जिले से अन्तरित राज्यक्षेत्र अपवर्जित है और यह कि इसमें आन्ध्र प्रदेश राज्य से, यथास्थिति, उस राज्य या जिले को अन्तरित राज्यक्षेत्र सम्मिलित है ।

17. आसीन सदस्य—आन्ध्र प्रदेश या मद्रास की विधान परिषद् के किसी परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र का, जिसका विस्तार धारा 16 के आधार पर परिवर्तित किया गया है, प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्येक आसीन सदस्य के बारे में, नियत दिन से, यह समझा जाएगा कि वह इस प्रकार यथा परिवर्तित उस निर्वाचन-क्षेत्र से उक्त परिषद् को निर्वाचित किया गया है ।

भाग 4

उच्च न्यायालय

18. आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की अधिकारिता का विस्तारण और उसे कार्यवाहियों का अन्तरण—(1) इसमें इसके पश्चात् यथा उपबंधित के सिवाय,—

(क) नियत दिन से, आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय की अधिकारिता प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्रों पर विस्तारित होगी ; और

(ख) उस दिन से मद्रास स्थित उच्च न्यायालय को, उक्त राज्यक्षेत्र की बाबत कोई भी अधिकारिता नहीं होगी ।

(2) नियत दिन के ठीक पूर्व मद्रास स्थित उच्च न्यायालय में लम्बित ऐसी कार्यवाहियां, जो उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति द्वारा, वादहेतुक के प्रोद्भूत होने के स्थान और अन्य परिस्थितियों पर ध्यान देते हुए, प्रमाणित की गई हैं, कि वे आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा सुनी और विनिश्चित की जानी चाहिए, ऐसे प्रमाणन के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय को अन्तरित की जाएंगी ।

(3) उपधारा (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी, किन्तु इसमें इसके पश्चात् यथा उपबंधित के सिवाय, जहां ऐसी किसी कार्यवाही में नियत दिन के पूर्व मद्रास स्थित उच्च न्यायालय द्वारा पारित किसी आदेश की बाबत अनुतोष चाहा गया है, वहां अपीलों, उच्चतम न्यायालय को अपील करने की इजजात के लिए आवेदनों, पुनर्विलोकन के लिए आवेदनों और अन्य कार्यवाहियों को ग्रहण करने, सुनने या निपटाने की अधिकारिता मद्रास स्थित उच्च न्यायालय को होगी और आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय को न होगी :

परन्तु यदि ऐसी किन्हीं कार्यवाहियों के मद्रास स्थित उच्च न्यायालय द्वारा ग्रहण किए जाने के पश्चात्, उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति को यह प्रतीत होता है कि वे आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय को अन्तरित की जानी चाहिए, तो वह आदेश देगा कि वे इस प्रकार अन्तरित की जाएं और तब ऐसी कार्यवाहियां तद्नुसार अन्तरित कर दी जाएंगी ।

(4) मद्रास स्थित उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया कोई आदेश—

(क) नियत दिन के पूर्व, उपधारा (2) के आधार पर आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय को अन्तरित किसी कार्यवाही में, या

(ख) किसी ऐसी कार्यवाही में, जिसकी बाबत उपधारा (3) के आधार पर मद्रास स्थित उच्च न्यायालय की अधिकारिता बनी रहती है,

सभी प्रयोजनों के लिए, मद्रास स्थित उच्च न्यायालय के आदेश के रूप में ही नहीं, अपितु आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के रूप में भी प्रभावी होगा ।

(5) आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा बनाए गए किसी नियम या दिए गए निदेश के अधीन रहते हुए, कोई ऐसा व्यक्ति, जो नियत दिन के ठीक पूर्व, मद्रास स्थित उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय करने का हकदार है जिसे, मद्रास राज्य से आन्ध्र प्रदेश राज्य को, राज्यक्षेत्रों के अन्तरण पर ध्यान देते हुए, आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाए, आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय में विधि व्यवसाय करने के लिए हकदार अधिवक्ता के रूप में मान्यताप्राप्त होगा ।

19. मद्रास उच्च न्यायालय की अधिकारिता का विस्तारण और उसे कार्यवाहियों का अन्तरण—(1) इसमें इसके पश्चात् यथा उपबंधित के सिवाय,—

(क) नियत दिन से मद्रास स्थित उच्च न्यायालय की अधिकारिता, द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्रों पर विस्तारित होगी ; और

(ख) उस दिन से आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय को उक्त राज्यक्षेत्रों की बाबत कोई भी अधिकारिता नहीं होगी ।

(2) नियत दिन के ठीक पूर्व आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय में लम्बित ऐसी कार्यवाहियां, जो उस न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति द्वारा वाद हेतुक के प्रोद्भूत होने के स्थान और अन्य परिस्थितियों पर ध्यान देते हुए प्रमाणित की गई हैं कि वे मद्रास स्थित उच्च न्यायालय द्वारा सुनी और विनिश्चित की जानी चाहिएं, ऐसे प्रमाणन् के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र मद्रास स्थित उच्च न्यायालय को अन्तरित की जाएंगी ।

(3) उपधारा (1) और (2) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किन्तु उन उपबन्धों के सिवाय, जो इसमें इसके पश्चात् दिए गए हों, जहां ऐसी किसी कार्यवाही में नियत दिन के पूर्व आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा पारित किसी आदेश की बाबत कोई अनुतोष चाहा गया है, वहां अपीलों, उच्चतम न्यायालय को अपील करने की इजाजत के लिए आवेदनों, पुनर्विलोकन के लिए आवेदनों और अन्य कार्यवाहियों को ग्रहण करने, सुनने या निपटाने की अधिकारिता आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय को होगी और मद्रास स्थित उच्च न्यायालय को न होगी :

परन्तु यदि ऐसी किन्हीं कार्यवाहियों के आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा ग्रहण किए जाने के पश्चात् उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति को यह प्रतीत होता है कि वे मद्रास स्थित उच्च न्यायालय को अन्तरित की जानी चाहिएं तो वह आदेश देगा कि वे इस प्रकार अन्तरित की जाएं और तब ऐसी कार्याहियां तद्नुसार अन्तरित कर दी जाएंगी ।

(4) आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया कोई आदेश :—

(क) नियत दिन से पूर्व, उपधारा (2) के आधार पर मद्रास स्थित उच्च न्यायालय को अन्तरित किसी कार्यवाही में, या

(ख) किसी ऐसी कार्यवाही में जिसकी बाबत उपधारा (3) के आधार पर आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय की अधिकारिता बनी रहती है,

सभी प्रयोजनों के लिए आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय के आदेश के रूप में ही नहीं अपितु मद्रास के उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के रूप में भी प्रभावी होगा ।

(5) मद्रास स्थित उच्च न्यायालय द्वारा बनाए गए किसी नियम या दिए गए निदेश के अधीन रहते हुए, कोई ऐसा व्यक्ति, जो नियत दिन के ठीक पूर्व आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय करने का हकदार हो, जिसे आन्ध्र प्रदेश राज्य से मद्रास राज्य को राज्यक्षेत्रों के अन्तरण पर ध्यान देते हुए, मद्रास स्थित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाए, मद्रास स्थित उच्च न्यायालय में विधि व्यवसाय करने के लिए हकदार अधिवक्ता के रूप में मान्यताप्राप्त होगा ।

20. धारा 18 या धारा 19 के अधीन अन्तरित किन्हीं कार्यवाहियों में हाजिर होने या कार्य करने का अधिकार—कोई व्यक्ति, जो नियत दिन के ठीक पूर्व आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय में या मद्रास स्थित उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय करने का हकदार है या उसमें अटर्नी के रूप में कार्य करने का हकदार है और जो धारा 18 या धारा 19 के अधीन अन्तरित किन्हीं कार्यवाहियों में हाजिर होने या कार्य करने केलिए प्राधिकृत किया गया था, उस उच्च न्यायालय में उन कार्यवाहियों के संबंध में, उसे, यथास्थिति, हाजिर होने या कार्य करने का अधिकार होगा, जिसे वे कार्यवाहियां अन्तरित की गई हैं ।

21. निर्वचन—धारा 18 और 19 के प्रयोजनों के लिए,—

(क) कार्यवाहियां आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय में या मद्रास स्थित उच्च न्यायालय में तब तक लम्बित समझी जाएंगी जब तक उस न्यायालय ने पक्षकारों के बीच के सभी विवाद्यकों को, जिनके अन्तर्गत कार्यवाहियों के खर्चों के विनिर्धारण की बाबत विवाद्यक भी हैं, निपटा न दिया हो, और इनमें अपीलें, उच्चतम न्यायालय को अपील करने की इजाजत के लिए आवेदन, पुनर्विलोकन के लिए आवेदन, पुनरीक्षण के लिए अर्जियां और रिट के लिए अर्जिया भी होंगी ;

(ख) आन्ध्र प्रदेश के उच्च न्यायालय में या मद्रास स्थित उच्च न्यायालय के प्रति निर्देशों का यह अर्थ लगाया जाएगा कि उनके अन्तर्गत उसके न्यायाधीश या खंड न्यायालय के प्रति निर्देश भी है तथा न्यायालय या न्यायाधीश द्वारा दिए गए किसी आदेश के प्रति निर्देशों का यह अर्थ लगाया जाएगा कि उनके अन्तर्गत उस न्यायालय या न्यायाधीश द्वारा पारित दण्डादेश, दिए गए निर्णय या डिक्री के प्रति निर्देश भी है ।

भाग 5

व्यय का प्राधिकरण

22. विद्यमान विनियोग अधिनियमों के अधीन अन्तरित राज्यक्षेत्रों में व्यय के लिए धन का विनियोग—(1) नियत दिन से, उस दिन के पूर्व राज्य की संचित निधि में से किसी धन के विनियोग के लिए आन्ध्र प्रदेश राज्य या मद्रास राज्य के विधान-मंडल द्वारा 1959-60 वित्तीय वर्ष के किसी भाग की बाबत किसी व्यय को पूरा करने के लिए पारित अधिनियम, भाग 2 के उपबन्धों द्वारा उस राज्य को अन्तरित राज्यक्षेत्रों के संबंध में भी प्रभावी होगा और यह राज्य सरकार के लिए विधियुक्त होगा कि वह से राज्य में किसी सेवा के लिए व्यय की जाने वाली इस अधिनियम द्वारा प्राधिकृत रकम में से कोई रकम उन राज्यक्षेत्रों में खर्च करे ।

(2) आन्ध्र प्रदेश या मद्रास का राज्यपाल, नियत दिन के पश्चात् उस राज्य की संचित निधि से ऐसा व्यय प्राधिकृत कर सकेगा, जो वह नियत दिन से प्रारम्भ होने वाली तीन मास से अनधिक अवधि के लिए, उस राज्य के विधान-मंडल द्वारा ऐसे व्यय की मंजूरी तक उस राज्य को अन्तरित राज्यक्षेत्रों में किसी प्रयोजन या सेवा के लिए आवश्यक समझे ।

23. आन्ध्र प्रदेश और मद्रास के लेखाओं के संबंध में रिपोर्ट—संविधान के अनुच्छेद 151 के खंड (2) में निर्दिष्ट भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक की, नियत दिन के पहले की किसी कालावधि के संबंध में आन्ध्र प्रदेश या मद्रास राज्य के लेखाओं की बाबत

रिपोर्टें, आन्ध्र प्रदेश या मद्रास राज्यों में से प्रत्येक राज्यपाल को प्रस्तुत की जाएंगी, जो उन्हें उस राज्य के विधान-मंडल के समक्ष रखवाएगा ।

24. राजस्व का वितरण—नियत दिन से, संघ उत्पाद-शुल्क (वितरण) अधिनियम, 1957 (1957 का 55) की धारा 3, एस्टेट ड्यूटी एण्ड टैक्स आन रेलवे पैसेंजर फेयर्स (डिस्ट्रीब्यूशन) ऐक्ट, 1957 (1957 का 57) की धारा 3 और 5, अतिरिक्त उत्पाद-शुल्क (विशेष महत्व का माल) अधिनियम, 1957 (1957 का 58) की धारा 4 और द्वितीय अनुसूची तथा संविधान (राजस्व वितरण) संख्या 2 आदेश, 1957 के पैरा 3 और 5, ऐसे उपान्तरों के अधीन रहते हुए प्रभावी होंगे, जिसे राष्ट्रपति राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा इस अधिनियम के भाग 2 के उपबन्धों द्वारा किए गए राज्यक्षेत्रों के अन्तरण को ध्यान में रखते हुए विनिर्दिष्ट करें ।

भाग 6

आस्तियों और दायित्वों का प्रभाजन

25. भूमि और माल—(1) इस भाग के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, सब भूमि और सब सामान, वस्तुएं और अन्य माल, जिनमें प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्रों के सभी खजानों में रोकड़ अतिशेष सम्मिलित हैं, नियत दिन से, उस राज्य को संक्रांत हो जाएंगे, जिसको वे राज्यक्षेत्र अन्तरित किए गए हैं ।

(2) इस धारा में "भूमि" पद के अन्तर्गत प्रत्येक प्रकार की स्थावर संपत्ति तथा ऐसी संपत्ति में या उस पर के कोई अधिकार सम्मिलित हैं ।

26. करों की बकाया—अन्तरित राज्यक्षेत्रों में अवस्थित संपत्ति पर के किसी कर या शुल्क की बकाया, जिसके अन्तर्गत भू-राजस्व की बकाया भी है, या किसी ऐसे मामले में, जहां उस कर या शुल्क के निर्धारण का स्थान अन्तरित राज्यक्षेत्रों में है, वहां किसी अन्य कर या शुल्क की बकाया की वसूली का आन्ध्र प्रदेश या मद्रास का अधिकार उस राज्य का होगा जिसे वे राज्यक्षेत्र अन्तरित किए गए हैं ।

27. उधारों और अग्रिमों की वसूली का अधिकार—अन्तरित राज्यक्षेत्रों में किसी स्थानीय निकाय, सोसाइटी, कृषक या अन्य व्यक्तियों को आन्ध्र प्रदेश या मद्रास द्वारा नियत दिन के पूर्व दिए गए किसी उधार या अग्रिम की वसूली का अधिकार उस राज्य का होगा, जिसे वे राज्यक्षेत्र अन्तरित किए गए हैं ।

28. आधिक्य में वसूल किए गए करों की वापसी—अन्तरित राज्यक्षेत्रों में अवस्थित संपत्ति पर आधिक्य में वसूल किया गया कर या शुल्क, जिसके अन्तर्गत भू-राजस्व भी है, वापस करने का आन्ध्र प्रदेश या मद्रास का दायित्व उस राज्य का दायित्व होगा, जिसे वे राज्यक्षेत्र अंतरित किए गए हैं, और ऐसे किसी मामले में जहां उस कर या शुल्क के निर्धारण का स्थान अन्तरित राज्यक्षेत्रों में है, वहां आधिक्य में वसूल किए किसी अन्य कर या शुल्क की वापसी का आन्ध्र प्रदेश या मद्रास का दायित्व, उस राज्य का भी दायित्व होगा, जिसे वे राज्यक्षेत्र अन्तरित किए गए हैं ।

29. निक्षेप—अन्तरित राज्यक्षेत्रों में किए गए किसी सिविल निक्षेप या स्थानीय निधि निक्षेप की बाबत आन्ध्र प्रदेश या मद्रास का दायित्व नियत दिन से उस राज्य का दायित्व होगा, जिसे वे राज्यक्षेत्र अन्तरित किए गए हैं ।

30. भविष्य निधि—नियत दिन को, सेवा में रत किसी सरकारी सेवक के भविष्य निधि खाते की बाबत आन्ध्र प्रदेश या मद्रास का दायित्व उस दिन से उस राज्य का दायित्व होगा जिसे वह सरकारी सेवक स्थायी रूप से आबंटित किया गया है ।

31. पेंशनें— पेंशनों की बाबत आन्ध्र प्रदेश या मद्रास के दायित्व का प्रभाजन उन राज्यों में ऐसी रीति से किया जाएगा जैसा उनके बीच करार पाया जाए या, ऐसे करार के अभाव में, ऐसी रीति से किया जाएगा, जिसे राष्ट्रपति, इस अधिनियम द्वारा किए गए राज्यक्षेत्रों के अन्तरण और राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 (1956 का 97) की प्रथम अनुसूची के उपबन्धों के आधारभूत सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए अधिसूचित आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट करें ।

32. संविदाएं—(1) जहां आन्ध्र प्रदेश या मद्रास राज्य के नियत दिन के पूर्व अपनी कार्यपालिका शक्ति के प्रयोग में राज्य के किन्हीं प्रयोजनों के लिए कोई संविदा की है, वहां वह संविदा,—

(क) यदि ऐसे प्रयोजन, नियत दिन से, अन्तरित राज्यक्षेत्रों से अनन्यत: संबंधित प्रयोजन माने जा सकते हैं, तो उस राज्य की कार्यपालिका शक्ति के प्रयोग में, जिसे वे राज्यक्षेत्र अन्तरित किए गए हैं ; और

(ख) किसी अन्य मामले में, उस राज्य की कार्यपालिका शक्ति के प्रयोग में, जिसने संविदा की है,

की गई समझी जाएगी और वे सब अधिकार और दायित्व, जो ऐसी किसी संविदा के अधीन प्रोद्भूत हुए हैं या प्रोद्भूत हों, उस सीमा तक, जहां तक वे उस राज्य के अधिकार और दायित्व हैं, जिसने संविदा की थी, उपर्युक्त खण्ड (क) या खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट राज्य के अधिकार और दायित्व होंगे ।

(2) इस धारा के प्रयोजनों के लिए यह समझा जाएगा कि ऐसे दायितवों में, जो किसी संविदा के अधीन प्रोद्भूत हुए हैं या प्रोद्भूत हों, निम्नलिखित भी हैं,—

(क) संविदा से संबंधित कार्यवाहियों में किसी न्यायालय या अन्य अधिकरण द्वारा किए गए आदेश या अधिनिर्णय की तुष्टि करने का कोई दायित्व ; और

(ख) ऐसी किन्हीं कार्यवाहियों में या उनके संबंध में उपगत व्ययों की बाबत कोई दायित्व ।

(3) यह धारा उधारों, प्रत्याभूतियों और अन्य वित्तीय बाध्यताओं की बाबत दायित्वों के प्रभाजन से संबंधित इस भाग के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, प्रभावी होगी, और बैंक अतिशेष तथा प्रतिभूतियों के विषय में कार्यवाही, उनके संविदात्मक अधिकारों की प्रकृति के होते हुए भी, उन उपबन्धों के अधीन की जाएगी ।

33. अनुयोज्य दोष की बाबत दायित्व—जहां नियत दिन के ठीक पूर्व आन्ध्र प्रदेश या मद्रास राज्य, संविदा भंग से भिन्न किसी अनुयोज्य दोष की बाबत किसी दायित्व के अधीन हैं, वहां वह दायित्व,—

(क) यदि वाद हेतुक, पूर्णतया अन्तरित राज्यक्षेत्र के भीतर पैदा हुआ हो, तो उस राज्य का दायित्व होगा जिसे वे अन्तरित किए गए हैं ; और

(ख) किसी अन्य दशा में, उस राज्य का दायित्व बना रहेगा, जो उस दिन के ठीक पूर्व ऐसे दायित्व के अधीन था ।

34. प्रत्याभूतिदाता के रूप में सहकारी सोसाइटी का दायित्व—जहां नियत दिन के ठीक पूर्व आन्ध्र प्रदेश या मद्रास राज्य किसी रजिस्ट्रीकृत सहकारी सोसाइटी के किसी दायित्व की बाबत प्रत्याभूतिदाता के रूप में देनदार है, वहां वह दायित्व,—

(क) यदि उस सोसाइटी का कार्यक्षेत्र अन्तरित राज्यक्षेत्र तक सीमिति हो, तो उस राज्य का दायित्व होगा, जिसे वे राज्यक्षेत्र अन्तरित किए गए हैं, और

(ख) किसी अन्य दशा में, उस राज्य का दायित्व बना रहेगा, जो उस दिन के ठीक पूर्व ऐसे दायित्व के अधीन था ।

35. उचंत मद—यदि कोई उचंत मद अन्तत: इस भाग के पूर्वगामी उपबन्धों में से किसी में निर्दिष्ट प्रकार की आस्ति या दायित्व पर प्रभाव डालने वाली पाई जाती है, तो उसके संबंध में उस उपबन्ध के अनुसार कार्यवाही की जाएगी ।

36. कुछ मामलों में आबंटन या समायोजन के लिए आदेश देने की केन्द्रीय सरकार की शक्ति—जहां या तो आन्ध्र प्रदेश या मद्रास किसी संपत्ति का हकदार हो जाता है या कोई फायदा प्राप्त करता है या किसी दायित्व के अधीन हो जाता है और नियत दिन से तीन वर्ष की कालावधि के भीतर किसी राज्य द्वारा किए गए निर्देश पर केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि यह न्यासंगत तथा साम्यापूर्ण है कि वह संपत्ति या वे फायदे अन्य राज्य को अन्तरित किए जाने चाहिएं या उसमें से उसे अंश मिलना चाहिए या अन्य राज्य द्वारा उस दायित्व के मद्धे अभिदाय किया जाना चाहिए, वहां उक्त संपत्ति या फायदे का आबंटन दो राज्यों के बीच ऐसी रीति से किया जाएगा या अन्य राज्य, दायित्व के अधीन होने वाले उस राज्य को उसके बारे में ऐसा अभिदाय करेगा, जो केन्द्रीय सरकार उन दो राज्य सरकारों से परामर्श के पश्चात् आदेश द्वारा अवधारित करे ।

37. कुछ व्यय का संचित निधि पर भारित किया जाना— इस भाग के उपबन्धों के आधार पर आन्ध्र प्रदेश या मद्रास द्वारा दूसरे राज्य को संदेय सब राशियां, उस राज्य की संचित निधि पर भारित होंगी, जिसके द्वारा ऐसी राशियां संदेय हों ।

भाग 7

प्रशासनिक उपबन्ध

38. कतिपय वित्तीय निगमों के बारे में उपबन्ध—(1) नियत दिन से, आन्ध्र प्रदेश राज्य के लिए राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 (1951 का 63) के अधीन गठित वित्तीय निगम के बारे में यह समझा जाएगा कि वह उस राज्य के लिए इस अधिनियम के भाग 2 के उपबन्धों द्वारा उसके यथा परिवर्तित क्षेत्र के सहित उस राज्य के लिए गठित किया गया है ।

(2) नियत दिन से मद्रास राज्य के लिए गठित मद्रास औद्योगिक विनिधान निगम के बारे में यह समझा जाएगा कि वह इस अधिनियम के भाग 2 के उपबन्धों द्वारा उसके यथा परिवर्तित क्षेत्र के सहित उस राज्य के लिए गठित किया गया है ।

39. 1942 के अधिनियम 6 का संशोधन—बहु-एकक सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1942 की धारा 5क में, उपधारा (1) में "कोई ऐसी सहकारी सोसाइटी जो, प्रथम नवम्बर, 1956 के ठीक पूर्व" शब्दों और अंकों के स्थान पर, "या राज्यों के पुनर्गठन से सम्बन्धित किसी अन्य अधिनियमिति के उपबन्धों के आधार पर, कोई ऐसी सहकारी सोसाइटी, जो उस दिन के ठीक पूर्व, जिस दिन पुनर्गठन हुआ है" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

40. राज्य विद्युत् बोर्डों के बारे में उपबन्ध और उनकी आस्तियों और दायित्वों का प्रभाजन—(1) नियत दिन से विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 (1948 का 54) के अधीन आन्ध्र प्रदेश और मद्रास राज्यों के लिए गठित राज्य विद्युत बोर्डों के बारे में यह समझा जाएगा कि वे इस अधिनियम के भाग 2 के उपबन्धों द्वारा उनके यथा परिवर्तित क्षेत्र के सहित उन राज्यों के लिए गठित किए गए हैं ।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट राज्य विद्युत् बोर्ड के उपक्रम और आस्तियां, जो बोर्ड, यथास्थिति, प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्रों में अवस्थित हैं, नियत दिन से, उस राज्य को संक्रांत हो जाएंगी, जिसे वे राज्यक्षेत्र अंतरित किए गए हैं ।

(3) उपधारा (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, उपधारा (1) में निर्दिष्ट राज्य विद्युत बोर्डों की आस्तियों और दायित्वों का प्रभाजन उनके बीच ऐसी रीति से किया जाएगा, जैसा नियत दिन से, एक वर्ष के भीतर आन्ध्र प्रदेश और मद्रास सरकारों के बीच करार पाई जाए या ऐसे करार के अभाव में जैसा केन्द्रीय सरकार आदेश द्वारा अवधारित करे ।

(4) उपधारा (2) में किसी बात के होते हुए भी वह व्यवस्था, जो नियत दिन के ठीक पूर्व, प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्रों के लिए विद्युत् शक्ति के उत्पादन या प्रदाय की बाबत प्रवृत्त थी, नियत दिन के पश्चात् ऐसे निबंधनों और शर्तों पर और ऐसी अवधि के लिए, प्रवृत्त बनी रहेगी जो आन्ध्र प्रदेश और मद्रास सरकारों के बीच करार पाई जाए, या ऐसे करार के अभाव में, जैसा केन्द्रीय सरकार आदेश द्वारा निदेश करे ।

41. आरनियार परियोजना के बारे में विशेष उपबन्ध—(1) इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, आरनियार परियोजना या उसके प्रशासन के संबंध में मद्रास राज्य के सभी अधिकार और दायित्व नियत दिन को ऐसे समायोजनों के अधीन रहते हुए, जो उक्त राज्यों के बीच करार द्वारा किए जाएं, आन्ध्र प्रदेश और मद्रास राज्य के अधिकार और दायित्व होंगे या, यदि कोई ऐसा करार नियत दिन से एक वर्ष की अवधि के भीतर न किया जाए, तो जैसा केन्द्रीय सरकार, परियोजना के प्रयोजनों को ध्यान में रखते हुए, आदेश द्वारा, अवधारित करे, और कोई ऐसा आदेश उक्त राज्यों द्वारा संयुक्त रूप से या अन्यथा परियोजना के प्रबन्ध के लिए उपबन्ध कर सकेगा :

परन्तु इस प्रकार केन्द्रीय सरकार द्वारा किए गए आदेश में, आन्ध्र प्रदेश और मद्रास राज्यों के बीच हुए पश्चात्वर्ती करार द्वारा फेरफार किया जा सकेगा ।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट करार या आदेश, नियत दिन के पश्चात् परियोजना का विस्तार या उसके और विकास के संबंध में आन्ध्र प्रदेश और मद्रास राज्यों के अधिकारों और दायित्वों का भी उपबन्ध करेगा ।

(3) उपधारा (1) और (2) में निर्दिष्ट अधिकारों और दायित्वों में—

(क) परियोजना के परिणामस्वरूप वितरण के लिए उपलभ्य पानी प्राप्त करने तथा उसका उपयोग करने का अधिकार, और

(ख) परियोजना का प्रशासन तथा उसके निर्माण, अनुरक्षण तथा प्रवर्तन की बाबत अधिकार और दायित्व,

सम्मिलित होंगे किन्तु उनमें मद्रास राज्य द्वारा नियत दिन के पूर्व की गई किसी संविदा के अधीन के अधिकार और दायित्व नहीं होंगे ।

(4) केन्द्रीय सरकार समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगी, जो उसे साधारणतया इस धारा के पूर्ववर्ती उपबन्धों में विनिर्दिष्ट मामलों में से किसी की बाबत और विशिष्टतया परियोजना को पूरा करने और तत्पश्चात् उसके प्रवर्तन और अनुरक्षण के लिए आवश्यक प्रतीत हों :

परन्तु कोई भी ऐसा निदेश, उपधारा (1) के अधीन आन्ध्र प्रदेश और मद्रास राज्यों के बीच हुए किसी करार के पश्चात् या उस उपधारा के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा किए गए किसी आदेश के पश्चात् जो भी पहले हो, जारी नहीं किया जाएगा या प्रभावी नहीं होगा ।

42. कुछ विद्यमान सड़क परिवहन अनुज्ञापत्रों के चालू रहने के बारे में अस्थायी उपबन्ध—मोटर यान अधिनियम, 1939 (1939 का 4) की धारा 63 में किसी बात के होते हुए भी, आन्ध्र प्रदेश या मद्रास राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा या ऐसे राज्य में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण द्वारा अनुदत्त अनुज्ञापत्र के बारे में, यदि ऐसा अनुज्ञापत्र नियत दिन के ठीक पूर्व अन्तरित राज्यक्षेत्र के भीतर किस क्षेत्र में विधिमान्य तथा प्रभावी था, यह समझा जाएगा कि वह, उस क्षेत्र में, उस दिन के पश्चात् उस अधिनियम के ऐसे उपबंधों के अधीन रहते हुए, जो उस क्षेत्र में तत्समय प्रवृत्त है, विधिमान्य और प्रभावी बना रहा है, और किसी ऐसे अनुज्ञापत्र पर उस राज्य के, जिसे वे राज्यक्षेत्र अन्तरित किए गए हैं, राज्य परिवहन प्राधिकरण या प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण द्वारा ऐसे क्षेत्र में उपयोग के लिए विधिमान्य करने के प्रयोजन के लिए प्रतिहस्ताक्षर करना आवश्यक नहीं होगा :

परन्तु केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों के परामर्श के पश्चात् अनुज्ञापत्र अनुदत्त करने वाले प्राधिकरण द्वारा अनुज्ञापत्र से संलग्न शर्तों में परिवर्धन, संशोधन या परिवर्तन कर सकेगी ।

43. सेवाओं से संबंधित उपबन्ध—(1) प्रत्येक व्यक्ति जो नियत दिन के ठीक पूर्व आन्ध्र प्रदेश या मद्रास के कार्यकलाप के संबंध में सेवा कर रहा है, उस दिन से, तब तक इस प्रकार सेवा करता रहेगा, जब तक केन्द्रीय सरकार के साधारण या विशेष आदेश द्वारा अन्य राज्य के कार्यकलाप के संबंध में अनन्तिम रूप से सेवा करने की उससे अपेक्षा न की जाए ।

(2) नियत दिन के पश्चात् यथाशक्यशीघ्र, केन्द्रीय सरकार, साधारण या विशेष आदेश द्वारा, वह राज्य अवधारित करेगी, जिसे आन्ध्र प्रदेश या मद्रास को अनन्तिम रूप से आबंटित प्रत्येक व्यक्ति सेवा के लिए अन्तिम रूप से आबंटित किया जाएगा तथा वह तारीख अवधारित करेगी, जिससे ऐसा आबंटन प्रभावी होगा या प्रभावी हुआ समझा जाएगा ।

